अव्यवस्था | बोवाई के वक्त खाद के लिए परेशान किसान, मौके का फायदा उठाने दलाल सक्रिय

# खाद के लिए रात 1 बजे से कतार में खड़े अन्नदाता



**मझौली नवभारत 10 अगस्त।** मझौली और आसपास के ग्रामीण इलाकों में किसान खाद के भारी मशक्कत कर रहे हैं। सुबह टोकन मिलने की आस में यहां रात 1 बजे से किसानों की लाइन लगती है। परेशान किसान को घेरने के लिए कालाबाजारी दलाल भी सक्रिय हो गये हैं अव्यवस्था और निराशा झेल रहे किसान अब आंदोलन करने मजबूर है।

रबी और खरीफ की बोआई व सिंचाई के वक्त यूरिया और एनपीके खाद की भीषण किल्लत में अन्नदाता फंसकर रह गए हैं। खाद की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। किसान को इस समय अपने खेतों में फसलों की देखभाल और सिंचाई में होना चाहिए था, वह खाद की एक-एक बोरी के लिए सहकारी सोसाइटियों के बाहर खुले आसमान के नीचे पूरी-पूरी रात बिताने को मजबूर है।

### रातभर पहरा, सुबह मिलता है ठन-ठन गोपाल

मझौली स्थित वितरण केंद्रों और सहकारी समितियों के बाहर हालात बेकाबू हो चुके हैं। दूर-दराज के गांवों से पहुंचे किसान आधी रात से ही अपनी बारी के इंतजार में कतारों में डट जाते हैं। खुले आसमान के नीचे घंटों मशक्कत करने के बाद जब सुबह सोसाइटियों के ताले खुलते हैं, तो कर्मचारियों का एक ही रटा-रटाया जवाब मिलता है— टोकन खत्म हो गए हैं, कल आना।

### अव्यवस्था से निराश हैं किसान

खाद के लिए जूझते किसान अमितेश्वर सिंह राजपूत का छलक पड़ा। उन्होंने बताया कि वे बनखेड़ी गांव से खाद की आस में पहुंचे लेकिन उन्हें दो दिन से निराशा ही मिली है। उन्होंने आप बीती बताते हुए कहा हम बनखेड़ी से आकर रात 1 बजे से ही लाइन में खड़े हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी हमें खाली हाथ लौटाया जा रहा है। खेतों में खड़ी फसलें खाद न मिलने के कारण पीली पड़ रही हैं और सूखने की कगार पर हैं। एक तरफ फसल बर्बाद होने का खतरा है और दूसरी तरफ परिवार चलाने की चिंता। समझ नहीं आता कि हम खेतों में काम करें या सोसाइटियों के बाहर अपनी रात भर बैठे रहें।

### कालाबाजारी चरम पर

केवल बनखेड़ी ही नहीं, बल्कि अमगवा दिवरी, उमरिया ढिरहा और आसपास के दर्जनों गांवों से आए किसानों का भी यही हाल है। किसानों और स्थानीय जनसंगठनों का सीधा आरोप है कि कृषि विभाग और जिला प्रशासन द्वारा खाद की पर्याप्त उपलब्धता के जो लंबे-चौड़े दावे किए जा रहे हैं, वे पूरी तरह हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। यहां तो आलम यह है कि एक ओर जहां आम किसान सरकारी केंद्रों पर दर-दर भटकने को मजबूर है, वहीं दूसरी ओर बिचौलियों और मुनाफाखोरों की साठगांठ से खाद की अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी धड़ल्ले से जारी है। खुले बाजार में यही खाद किसानों को मनमाने दामों पर बेची जा रही है।

### किसानों ने रखीं 3 मुख्य मांगे

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के किसानों और किसान संगठनों ने एकजुट होकर प्रशासन से तत्काल राहत प्रदान करने मांगें रखी हैं। उन्होंने कहा कि पारदर्शी टोकन व वितरण व्यवस्था होना जरूरी है। किसान को वास्तविक स्थिति पता नहीं चल पा रही है। खाद वितरण की पूरी प्रक्रिया को सार्वजनिक और पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाना चाहिए ताकि दूर-दराज के गांवों से आने वाले किसानों को उनका हक मिल सके और टोकन वितरण में धांधली रुके। सोसाइटियों में भीड़ को देखत हुए काउंटरों और वितरण केंद्रों का विस्तार जरूरी है। सोसाइटियों पर उमड़ रही भारी भीड़ को देखते हुए तत्काल अतिरिक्त काउंटर शुरू किए जाएं और नए वितरण केंद्र खोले जाएं।

**खाद माफिया पर कसें नकेल नहीं तो आंदोलन**

अवैध जमाखोरी करने वाले बिचौलियों और मनमाने दामों पर ब्लैक में खाद बेचने वाले दुकानदारों पर तत्काल छापेमारी कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। किसानों के हित में यदि काईवाई नहीं की गई तो अब किसान आंदोलन की राह पर चलने मजबूर होंगे। समय पर यूरिया और एनपीके न मिलने से मझौली क्षेत्र के हजारों किसानों की महीनों की गाढ़ी कमाई और मेहनत पानी में मिलती नजर आ रही है। आक्रोशित किसान अमितेश्वर सिंह राजपूत और क्षेत्रीय ग्रामीण नेताओं ने शासन-प्रशासन को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि अगले 24 से 48 घंटों के भीतर खाद की सुचारू आपूर्ति और पारदर्शी वितरण प्रणाली शुरू नहीं की गई, तो क्षेत्र के किसान सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन और चक्काजाम करने के लिए बाध्य होंगे। किसान नेताओं का साफ कहना है कि यदि हालात के चलते कानून-व्यवस्था बिगड़ती है, तो इसकी पूरी और सीधी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।



# पाटन में निकली तिरंगा यात्रा, किया पौधरोपण

**पाटन नवभारत 10 अगस्त।** देशभक्ति की भावना जगाने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू हुए हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज पाटन में विशाल रैली निकाली गई। नगर परिषद पाटन के आव्हान पर निकाली गई रैली का नेतृत्व आचार्य जगेन्द्र सिंह ने किया। उक्त रैली में परिषद पदाधिकारियों एवं अधिकारियों, कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। बैंड-बाजों की धूम से नगर के वार्ड क्रं. 06 स्थित शिलाफलकम से रैली का शुभारंभ करते हुये, नगर के मुख्य मार्ग, मुख्य बाजार से होते हुये पुराने तहसील कार्यालय प्रांगण में स्थित शहीद स्मारक पहुंची। यहां रैली के समापन उपरांत नगर के कटंगी मार्ग स्थित ड़िवाईडरों पर 201 पौधों का रोपण किया गया।

ज्ञात हो कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान के मार्गदर्शन में 9 से 14 अगस्त तक निकाय अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां एवं सांस्कृतिक कार्यकृमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने नगर के समस्त नागरिकों से उक्त आयोजित गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु निवेदन किया है। उक्त रैली में आचार्य जगेन्द्र सिंह अध्यक्ष, जयश्री चौहान-मुख्य नगर पालिका अधिकारी, देव कुमार यादव, महेन्द्र सिंह, राकेश चौधरी, एवं अन्य जनप्रतिनिधि व नगर परिषद के उपयंत्री राजेन्द्र कुमार सोनी, शाखा प्रभारी सोनाली बाजपेयी, पुरूषोत्तम सेन, नरेश प्यासी, शेख शरीफ आदि एवं सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## होटल डिजनी के पोर्च में चल रहा था हाईप्रोफाइल जुआ

**पुलिस की दबिश में 12 गिरफ्तार, संचालक शिवम फरार**

**नवभारत, जबलपुर।** मदनमहल पुलिस ने एचडीएफसी बैंक के पास स्थित डिजनी होटल के पोर्च में चल रहे हाईप्रोफाइल जुआ फड़ पर घेराबंदी कर दबिश दी। मौके से 12 जुआरियों को ताश के पत्तों पर रुपयों का दांव लगाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। जुआ की नाल काटने वाले होटल संचालक फरार हो गया है। मौके से नगद 22 हजार 500 रूपये जप्त किए गए हैं।

टीआई धीरज राज ने बताया कि एचडीएफसी बैंक के पास डिजनी होटल के पोर्च में ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे गोपाल रैकवार 31 वर्ष, दीपक रैकवार 30 वर्ष निवासी, अमित वर्मा उर्फ ताउ 27 वर्ष सभी निवासी हनुमानताल, प्रियांशु कश्यप 24 वर्ष निवासी बेलबाग, मुक्कू उर्फ मुकेश साहू 32 वर्ष निवासी नर्मदा नगर गोहलपुर, प्रियांक उर्फ भोला श्रीवास्तव 23 वर्ष निवासी बढ़ई मोहल्ला फूटाताल, कादर अहमद अंसारी 22 वर्ष निवासी बस्ती नम्बर 1 गोहलपुर, सुमित सोनकर 23 वर्ष निवासी हनुमानताल, मोसही खान 29 वर्ष सरकारी कुआ घमापुर, मोहम्मद शहनवाज शेख 34 वर्ष निवासी तीसरा पुल लियो कम्पाउण्ड केंट, आशीष उर्फ बंटी पासी 30 वर्ष निवासी शीतलामाई घमापुर, हसन जहांगीर उर्फ कालू 31 वर्ष निवासी ठक्कर को दबोचा गया। पूछताछ करने पर होटल संचालक शिवम द्वारा नाल की राशि लेकर जुआ खिलाना बताया, जुआड़ियों के पास व फड़ से ताश के पत्ते तथा 22 हजार 500 रूपये जप्त करते हुये जुआ की नाल काटने वाले आरोपी होटल संचालक शिवम की तलाश की जा रही है।

# बाबाताल में शिवलिंग निर्माण और नरसिंह मंदिर में दर्शन को उमड़ी भीड़





**सिहोरा नवभारत 10 अगस्त।** सावन के दूसरे सोमवार को सिहोरा के बाबा ताल में सुबह से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रृद्धालुओं ने हजारों शिवलिंग का निर्माण किया और बाजे-गाजे के साथ उन्हें विसर्जित करने हिरन नदी पहुंचे। यहां स्थित नरसिंह मंदिर में श्रृद्धालुओं ने दर्शन किये और मंदिर परिसर हर-हर महादेव और जय नरसिंह भगवान के जयकारों से गूंज उठा।

### दर्जनों थालों में सजे शिवलिंग का अभिषेक

सोमवार को भी सभी शिवालयों में दिनभर बम बम भोले कि गूंज होती रही। सुबह से ही शिव मंदिर बाबाताल में ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में आयोजित पार्थिव शिवलिंग निर्माण में जहां सभी वर्ग की महिलाओं बच्चों युवतियों ने पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव के साथ पार्थिव दर्जनों थालों में शिवलिंग बनाकर उनका अभिषेक किया। वहीं मंदिर में भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा। फिर पंडित अरुण कुमार मिश्रा ने सभी थालों में बने शिवलिंग का विधिवत अभिषेक पूजन कराया तदपश्चात सभी का हिरन नदी नृसिंह मंदिर घाट में विधिवत विसर्जन किया गया। इसके अलावा नगर उपनगर के अन्य शिव मंदिरों में भी भक्तों ने पूजन अर्चन कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्राह्मण समाज के संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक, नंदकिशोर परौहा, जय प्रकाश दुबे, अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया, सुरेन्द्र तिवारी, गोपाल पाठक, नरेन्द्र त्रिपाठी, राजकिशोर तिवारी, संजू दुबे, राजकुमार तिवारी, आरती तिवारी, संतोष बर्मन, प्रमोद बर्मन आदि भक्तों का सराहनीय योगदान रहा।

### दर्शन के बाद नरसिंह मंदिर में प्रसाद वितरण

खितौला में मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भगवान नरसिंह के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कई श्रद्धालु जलाभिषेक और विशेष पूजा के लिए घंटों तक लाइन में खड़े रहे।

### व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन रहा सक्रिय

समिति द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा के साथ-साथ पानी और प्रसाद वितरण की भी उचित व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सावन के इस पावन अवसर पर मंदिर में उमड़ी आस्था और भक्ति का यह दृश्य क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का प्रतीक बना रहा।

## अरमान ने राज्य कुराश स्पर्धा में जीता गोल्ड

**प्रतिभाश, रियांश और अर्श ने हासिल किया कांस्य पदक**



**जबलपुर नवभारत।** संस्कारधानी की प्रतिभाशाली कुराश खिलाड़ी अरमान लोधी ने अपने कठोर परिश्रम और अनुशासन के बल पर राज्य स्तर पर स्वर्णिम सफलता अर्जित कर जिले व परिवार का नाम रोशन किया है।

7 से 8 अगस्त तक मंदसौर में आयोजित सब जूनियर राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में जबलपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए अरमान ने शानदार तकनीक और आत्मविश्वास के साथ मुकाबले जीतते हुए - 40 किलो ग्राम में स्वर्ण पदक हासिल किया तथा मध्य प्रदेश टीम में स्थान बनाया। - 55 किलो ग्राम में प्रतिभाश खरे, रियांश सेन और अर्श दुबे ने कांस्य पदक अर्जित किया।

**अरमान ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की**-सौम्या पटेल, वेदिका पटेल, अनाया अली, कान्हा विश्वकर्मा, आलिया खान, अभय कुमार दुबे ने जिले में प्रतिनिधित्व किया। अरमान की यह सफलता वर्षों की सतत मेहनत, नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। वह कुराश एसोसिएशन जबलपुर के महासचिव शशांक सिंह ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, जिनके निर्देशन में उन्होंने राज्य स्तरीय मंच पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।

**इन्होंने दी बधाई**-इस उपलब्धि पर एमेच्योर कुराश एसोसिएशन मध्य प्रदेश के सचिव राहुल व्यास, एमेच्योर कुराश एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विवेक स्वामी (विक्रम अवॉर्डी), जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे, कुराश एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष विभोर बबेले, उपाध्यक्ष शिवानी सिंह ठाकुर, सात्विक कुर्मी, राहुल भोजक, सीरिल श्रीवास, विश्वास चौधरी, ऋषभ भोजक, सुमित ठाकुर सहित जिले के खेल पदाधिकारियों एवं खेलप्रेमियों ने अरमान को बधाई दी।

## प्रकाश चंद जैन का निधन



**पनागर।** प्रताप वार्ड निवासी सेवानिवृत शिक्षक प्रकाश चंद जैन का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे जितेंद्र ड्योढिया, सतेंद्र ड्योढिया हिप्पी, संदीप ड्योढिया के पिता रहे। अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड स्थित शमशान घाट में किया गया।

## लोधी क्षत्रिय समाज के चुनाव निर्विरोध संपन्न, नई कार्यकारिणी गठित



**पनागर नवभारत 10 अगस्त।** लोधी क्षत्रिय समाज पनागर के चुनाव सर्वसम्मति एवं निर्विरोध रूप से संपन्न हुए। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में श्याम किशोर पटेल अध्यक्ष, राजेश ठाकुर बंटी उपाध्यक्ष एवं तुलसीराम लोधी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रहलाद पटेल एवं राजकुमार वर्मा सह-सचिव, मनीष ठाकुर संगठन मंत्री, धर्मेंद्र लोधी सह-संगठन मंत्री, वीरेंद्र कुमार लोधी प्रचार मंत्री तथा बालकिशन पटेल को सह-प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसी क्रम में गणेश प्रसाद लोधी को कार्यालय मंत्री एवं मुकेश लोधी को उप कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया। समाज के मार्गदर्शन एवं संरक्षण के लिए ओंकार सिंह ठाकुर एवं कोमल सिंह पटेल को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया।

## महिलाओं ने धूमधाम से मनाया हरियाली महोत्सव



**नवभारत, जबलपुर।** उन्नति महिला मेहरा महासंघ समिति, जबलपुर के द्वारा गैलेक्सी होटल मदन महल में हरियाली महोत्सव का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उत्सव के दौरान सभी महिलाओं ने विशेष रूप से हरे रंग के वस्त्र पहने और सोलह श्रृंगार करके मनमोहक डांस की सामूहिक प्रस्तुति दी। महिलाओं ने कई तरह के गेम्स भी खेले, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस उत्सव का बहुत ज्यादा इंजॉय किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रंजना हनौतिया, कार्यकारिणी अध्यक्ष एडवोकेट रजनी झारिया, गायत्री गढ़वाल, वर्षा झारिया, उमा झारिया, मीना डेहरिया, कविता झारिया, सुमन गढ़वाल, मनोरमा मेहरा, ज्ञानवती दास, लता दास, सुनीता दास, अंजना मेहरा, प्रमिला गढ़वाल, निर्मला गढ़वाल, अंजू विनोदिया, सारिका सावरे, लक्ष्मी सावरे, रीता सावरे, दीपा मेहरा, शांता सावरे, निशा डेहरिया और आस्था गढ़वाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

# मूंग का परिवहन कर रही ट्रैक्टर-ट्रॉली रेलवे फाटक पर फंसी

**22 मिनट थमी ट्रेनों की रफ्तार**



**जबलपुर।** सालीचौका रेलवे स्टेशन के पास रेल फाटक पर एक अनाज से भरी ट्रैक्टर ट्राली रेल लाइन के बीच फंस गई।

हालांकि रेलवे ट्रैक में कोई हादसा नहीं हुआ लेकिन लगभग एक घंटे तक दोनों तरफ गजरने वाली कई गाड़ियां लेट हो गईं। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल अंतर्गत सालीचौका रेलवे फाटक पर सोमवार को मूंग से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली रेलवे ट्रैक के बीचों-बीच फंस गई। बताया गया कि फाटक से गुजरते समय ट्रॉली का हिच-एक्सल अचानक टूट गया, जिससे वह ट्रैक पर अटक गई और रेल यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही रेलवे अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और जेसीबी की मदद से ट्रॉली को ट्रैक से हटाने का प्रयास शुरू किया। समय रहते ट्रॉली को हटाए जाने से संभावित बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, घटना के चलते अप और डाउन दोनों दिशाओं में रेल यातायात करीब 22 मिनट तक प्रभावित रहा तथा अमरकंटक एक्सप्रेस, पवन एक्सप्रेस और दानापुर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों को रोकना पड़ा।

**वाहनों को होती है परेशानी**

स्थानीय लोगों के मुताबिक रेलवे फाटक की स्थिति लंबे समय से खराब है और फाटक के बीच जगह-जगह बड़े गड्ढे होने के कारण भारी वाहनों को आवागमन में परेशानी होती है। इसी दौरान ट्रॉली का हिच टूटने से वह ट्रैक पर फंस गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने रेलवे फाटक की जर्जर स्थिति को लेकर नाराजगी जताते हुए तत्काल मरम्मत कराने और गड्ढों को दुरुस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते ट्रॉली हट जाने से बड़ा हादसा टल गया, लेकिन यदि यह घटना व्यस्त रेल परिचालन के दौरान अधिक समय तक बनी रहती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी।

श्रावण मास | ग्वारीघाट से नर्मदा जल भरकर निकाली थी कांवड़ यात्रा

# कटंगी में महिलाओं ने निकाली कांवड़ यात्रा, किया जलाभिषेक





**कटंगी, नवभारत।** सावन मास के पावन अवसर पर सोमवार को नगर कटंगी सहित ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं द्वारा भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में महिलाएं पीले एवं भगवा परिधानों में कांवड़ लेकर धार्मिक जयघोष करते हुए यात्रा में शामिल हुईं।

कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालु ग्वारीघाट से माँ नर्मदा का पवित्र जल लेकर कटंगी पहुंचे और यहां स्थित भगवान भोलेनाथ के प्राचीन मंदिर मंदिरवाडा में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया। यात्रा में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने भजन-कीर्तन करते हुए भगवान शिव की आराधना की। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली। मंदिर पहुंचने के बाद विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन-अर्चन एवं जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

## नये श्रम कानूनों के विरोध में कर्मचारियों का बड़ा प्रदर्शन



**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने नये श्रम कानूनों, निजीकरण और आउटसोर्स व्यवस्था के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि इन कानूनों से श्रमिकों की हिफाजत नहीं बल्कि उनका उत्पीड़न होगा। देश के 10 राष्ट्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर हुई इस हड़ताल के समर्थन में दिनेश दुबे ने मांग की कि सरकार उद्योग हित के साथ कर्मचारियों के हितों का भी ध्यान रखे और नियमित काम का आउटसोर्स बंद करे, वहीं दीपक मेमने ने निजीकरण से वर्तमान कर्मियों और पेंशनर्स दोनों का भविष्य असुरक्षित होने की बात कही। महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने आगे कहा कि इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जी संजीवा रेड्डी और मध्यप्रदेश अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव के आह्वान पर यह प्रदर्शन हुआ। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियों के निजीकरण से आम जनता का नुकसान होगा और न्यू पेंशन की जगह पुरानी पेंशन ही लागू होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि बिजली सेक्टर में 15 सालों से कार्यरत संविदा व आउटसोर्स कर्मियों से इस उम्र में परीक्षा लेना विसंगतिपूर्ण है, इसलिए परीक्षा के न्यूनतम अंक 80 की जगह 50 किए जाएं और सभी को बिना शर्त नियमित किया जाए।

**पेंशनर्स की पेंशन सुरक्षा की गारंटी मिले**-इसके साथ ही पेंशनर्स की पेंशन सुरक्षा की गारंटी दी जाए, नियमित कर्मचारियों व पेंशनर्स को महंगाई और परिवार पेंशन राहत मिले। अंत में आभार प्रदर्शन दिलीप पाठक ने किया। इस पूरे कार्यक्रम में दिनेश दुबे, दीपक मेमने, शिवहरि श्रीवास्तव, दिलीप पाठक, दयाशंकर द्विवेदी, केदार सिंह बघेल, सी एस पालीवाल, सुषमा उपाध्याय, आरती शुक्ला, श्याम गोस्वामी, अजिता विश्वकर्मा, रुपाली, रुचि, अमृता, वैष्णवी, मानसी पांडे, अजित ठाकुर, राजू नायडू, रवि बहादुर, ललित विश्वकर्मा सहित फेडरेशन के साथियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।